प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकाश
आकाशवाणी ईटानगर

14/03/2026 07:45 बजे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज असम के सिलचर से तैइस हजार पांच सौ पचास करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने मेघालय के शिलोंग और सिलचर के बीच बनने वाले बाइस हजार आठ सौ चौसठ करोड़ रुपये की लागत वाले access-controlled expressway के लिए भूमि पूजन किया। यह पूर्वोत्तर क्षेत्र का अपनी तरह का पहला एक्सप्रेसवे होगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने सिलचर में राष्ट्रीय राजमार्ग-306 पर एक एलिवेटेड कॉरिडोर तथा Karimganj ज़िले के Patharkandi में कृषि महाविद्यालय की आधारशिला भी रखी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पूर्वोत्तर क्षेत्र भारत की एक्ट ईस्ट नीति को आगे बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने पूर्वोत्तर में रेलवे बुनियादी ढांचे के विकास पर केंद्र सरकार के विशेष ध्यान का भी उल्लेख किया।

0000000000000000000000

गोल्डेन जुबली स्टेट बैंकिट हॉल, ईटानगर में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा का तेइसवां सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ़्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाईक ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में हिस्सा लिया। राज्यपाल ने राज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाले अग्रदूतों को सम्मानित किया। साथ ही Outstanding College Teacher Awards, सर्वश्रेष्ठ एनएसएस स्वयंसेवक पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम अधिकारी पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ एनएसएस इकाई पुरस्कार, तथा स्नातक स्तर के टॉपर और APSCTE टॉपर पुरस्कार भी प्रदान किए। इस दौरान राज्यपाल ने डॉ. ओदोल पर्तिन द्वरा लिखित “Shifting Cultivation: Traditions and Practices adopted by the Tangsa Tribe” नामक पुस्तक का विमोचन भी किया। राज्यपाल ने कहा कि उच्च शिक्षा को स्पष्ट और उद्देश्यपूर्ण दृष्टि के साथ आगे बढ़ाया जाना चाहिए।

0000000000000000000000

13 मार्च को ईटानगर स्थित हीमा हॉस्पिटल के कैंटीन में आग लगने की घटना घटी। इस दौरान कैंटीन कर्मचारियों द्वारा तुरंत सतर्कता बरतते हुए आवश्यक सुरक्षा उपाय का पालन कर संबंधित विभागों को सूचित किया। अग्नि एवं आपातकालीन सेवा विभाग की समय पर सहायता से स्थिति पर जल्द ही काबू पा लिया गया। अग्नि एवं आपातकालीन सेवा विभाग द्वारा पहले से कराए गए मॉक ड्रिल के कारण अस्पताल के कर्मचारी इस स्थिति में तुरंत और प्रभावी ढंग से कार्रवाई कर सके। आज अस्पताल परिसर में मुख्य प्रबंध निदेशक, प्रबंध निदेशक और चिकित्सा अधीक्षक द्वारा एक सम्मान एवं आभार कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अस्पताल के कर्मचारियों और अग्नि एवं आपातकालीन सेवा विभाग के सदस्यों को उनके साहस और त्वरित कार्रवाई के लिए सम्मानित किया गया।

0000000000000000000000

हेनकेलिया मोनोफिला, अरुणाचल प्रदेश में पाई जाने वाली एक दुर्लभ स्थानिक प्रजाति है, जिसे बॉटनिकल सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा लोहित जिले में लगभग एक सौ नवासी वर्षों बाद फिर से खोजा गया है। सोशल मीडिया पर इस ख़बर को साझा करते हुए मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि दोबारा हुई इस खोज से अरुणाचल प्रदेश की असाधारण जैव विविधता उजागर होती है। इस तरह की खोजें न केवल वैश्विक वनस्पति ज्ञान में इज़ाफ़ा करती हैं, बल्कि हमें उन पर्यावरणीय संपदाओं की भी याद दिलाती हैं जो इस राज्य में मौजूद हैं।

0000000000000000000000

शुक्रवार को अपर सुबनसिरी ज़िले के दापोरिजो के अलग-अलग हिस्सों में चालीस से ज़्यादा मज़दूर बिना वैध इनर लाइन परमिट (ILP) के पाए गए। इस मामले की जानकारी ST बचाओ आंदोलन की अपर सुबनसिरी इकाई ने स्थानीय कानून लागू करने वाली संस्था को दी। इकाई ने ज़िला मुख्यालय में बिना वैध परमिट वाले मज़दूरों की बढ़ती मौजूदगी पर चिंता जताई। सूत्रों के मुताबिक, बिना ILP के पाए गए लोगों के बारे में पुलिस को सूचित कर दिया गया है, ताकि ज़रूरी जाँच-पड़ताल और आगे की कार्रवाई की जा सके। संगठन ने कानून लागू करने वाली एजेंसियों से यह भी अपील की कि वे पूरे ज़िले में बने अलग-अलग पुलिस चेक गेट पर कड़ी निगरानी रखें, ताकि शहर में होने वाले अवैध प्रवासन को रोका जा सके।

0000000000000000000000

पिछले तीन दिनों से सियांग वैली और उससे सटे अपर असम के इलाकों में मध्यम से भारी बारिश से क्षेत्र के निवासियों का सामान्य जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है और उनके व्यावसाय भी प्रभावित हुए हैं। भारी बारिश के साथ आंधी से असम-अरुणाचल सीमावर्ती क्षेत्र में बिजली की लाइनों को नुकसान पहुँचा, जिससे पासीघाट, रुक्सिन और जोनाई इलाकों में कई घंटों तक बिजली की आपूर्ति बाधित रही। बारिश के कारण ईस्ट सियांग ज़िले के कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति पैदा हुई और रबी की फ़सलों को भी काफ़ी नुकसान पहुँचा हैं। हालाँकि, अब तक बारिश के कारण इस क्षेत्र में सड़कों या अन्य बुनियादी ढाँचों को किसी तरह के नुकसान की कोई ख़बर नहीं मिली है।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के तावाङ और क्रा दादी जिले को छोड़ अन्य सभी जिलों के लिए अगले 24 घंटों में अलग-अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया हैं।

0000000000000000000000